# ए.एस.आई. पर चोर की सहायता करने का पर्दाफाश

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के पुलिसकर्मी अब चोरों का ही साथ देने लगे हैं। मुक्ताप्रसाद नगर में हुई चोरी को लेकर थाने के एक एएसआई पर चोर की सहायता करने का आरोप लग रहा है।

जानकारी होने के बाद भी पुलिस ने 6 दिन तक मामला दबाए रखा। इस बीच परिवादी ने ही दौड़ भाग कर चोर को पकड़ा। उससे चोरी का कुछ माल भी बरामद हुआ है। मुक्ता प्रसाद नगर के मकान नंबर 7/154 में 6 सितंबर की रात करीब 12.30 बजे चोरी हो गई। चोर गहने और नकदी सहित करीब 40 लाख रूपए के सामान पर हाथ साफ कर गया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना रिकॉर्ड हो गई। घर वाले परिवार में गमी होने के कारण बाहर गए थे। 12 सितम्बर को लौटे तो चोरी का पता चला।

परिवादी लक्ष्मण पड़िहार ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मुक्ताप्रसाद थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया। उसी दिन परिवादी की पत्नी को घर की छत पर एक आधार कार्ड मिला, जो किसी संपत उर्फ ओमप्रकाश का था। यह व्यक्ति उनके घर से कुछ ही दूरी पर रहता था। शक होने पर परिवादी लक्ष्मण उसके घर पहुंचे तो पता चला कि संपत तीन-चार दिन से घर नहीं आया। उन्होंने संपत के भाई शिव नायक पर दबाव बनाया तो वह एक थैला लेकर आया, जिसमें चोरी का सामान मिल गया।

चोर के भाई ने घटना के दूसरे दिन जब एएसआई को वाट्सअप पर चोरी के माल के फोटो भेज दिए तो उसने संज्ञान क्यों नहीं लिया। जबकि एएसआई को घटनाक्रम की जानकारी हो चुकी थी। परिवादी ने चोर के भाई और उसका मोबाइल मुक्ता प्रसाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। उसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

चोरी का माल चोर के घर से बरामद हुआ। उसके भाई और मां ने छिपा कर रखा। पुलिस थाने पर सूचना तक नहीं की। उन्हें अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। चोरी के बाद आरोपी किसी के घर पर छिपा रहा। उनका फोन लगातार उसकी मां के

- **चोर के भाई के मोबाइल पर मुक्ता प्रसाद नगर थाने के एएसआई रूपाराम सियाग की चैटिंग मिली, चोरी के सामान के फोटो उसने रूपाराम को दूसरे दिन ही दोपहर में भेज दिए थे**
- **40 लाख की चोरी का मामला, चोर का पता चलने पर भी आई. ओ. चुप रहा, गिरफ्तार नहीं किया**

पास आता रहा। इसका कनेक्शन पुलिस ने क्यों नहीं खोजा। ऑडियो में आरोपी का भाई एएसआई से कह रहा है कि इस काम के पीछे किसी मोटे आदमी यानी प्रभावशाली व्यक्ति का हाथ है। इस बिन्दु पर जांच क्यों नहीं की गई

लक्ष्मण ने संपत उर्फ ओमप्रकाश के भाई का मोबाइल खंगाला तो हैरान रह गया। उसके मोबाइल पर मुक्ता प्रसाद नगर थाने के एएसआई रूपाराम सियाग की चैटिंग मिली। चोरी के सामान के फोटो उसने रूपाराम को दूसरे दिन ही दोपहर में भेज दिए थे। उनकी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मिली है। जिसे सुनने के बाद लक्ष्मण ने चोर से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए एएसआई की शिकायत सीओ सिटी से की है। लक्ष्मण ने बताया कि संपत चोरी करने के बाद अपने दोस्त के यहां छिप गया था। इसकी सूचना भी पुलिस को दे दी गई।

उन्होंने बताया कि हमने चोर को पकड़वा दिया। चोरी का माल भी बरामद करवा दिया। एएसआई की चोर से सेटिंग के सबूत भी पुलिस को सौंप दिए। लेकिन कार्रवाई करने के बजाय हमें ही कहा जा रहा है कि रूपाराम की शिकायत उच्चाधिकारियों से ना करें। उसकी नौकरी चली जायेगी।

## लापता टीचर ने देहरादून में ट्रेन के कूद जान दी

**बीकानेर,**(कासं)। श्रीडूंगरगढ़ में सरकारी स्कूल में कार्यरत एक टीचर की लाश देहरादून में मिली है। टीचर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दो दिन पहले ही उसकी बहन ने दर्ज कराई थी।

दरअसल बहन को टीचर ने मोबाइल करके कहा था कि ये उसका अंतिम कॉल है। इसके बाद से टीचर की तलाश हो रही थी। श्रीडूंगरगढ़ के गांव बिग्गा के राजकीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षक विनोद कुमार पुत्र नानक सिंह जाट ने देहरादून रेलवे स्टेशन के निकट ही ट्रेन के आगे आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

शनिवार रात विनोद कुमार ने आत्महत्या की और घटना की जानकारी मिलने पर श्रीडूंगरगढ़ थाने से हैड कांस्टेबल देवाराम देहरादून पहुंचे। रेलवे पुलिस की मदद से शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द किया। शिक्षक की बहन सरोज पत्नी रामफल जाट निवासी सरदारपुरा, चूरू ने 11 सितम्बर को श्रीडूंगरगढ़ थाने में विनोद कुमार के लापता होने की इत्तला देते हुए गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। सरोज के पास उसके भाई का 10 सितम्बर सुबह 7.30 बजे अंतिम फोन आया और अपना लास्ट फोन होने की बात कही। उसके बाद वह लापता हो गया था।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत, दो घायल

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। सरदारशहर स्टेट हाईवे पर सड़क दुर्घटना में एक बाइक पर सवार चार लोगों में से दो की मौत हो गई और दो घायल हो गए।

थानाधिकारी इंद्र कुमार ने बताया कि यह सड़क हादसा सरदारशहर रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास हुआ है। हादसे में घायल दो युवकों को बीकानेर पीबीएम रैफर किया गया है। दुर्घटना में जैतासर निवासी खींयाराम मेघवाल के दो पुत्र सहीराम व रामप्रताप मेघवाल मोटरसाइकिल से श्रीडूंगरगढ़ आ रहे थे। दोनों युवक पेशे से ड्राइवर है।

जब ये लोग श्रीडूंगरगढ़ से थोड़ी दूरी पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो सामने से एक हरियाणा नंबर की गाड़ी आई। इस गाड़ी से आमने-सामने हुई भिड़ंत में मोटरसाइकिल पर सवार सहीराम की मौत हो गई। रामप्रताप को गंभीर घायलावस्था में बीकानेर रेफर कर दिया गया है। इस बाइक पर दो युवक सीताराम पुत्र जगदीश मेघवाल व गोमदराम पुत्र बुधाराम नायक भी सवार थे। दोनों मजदूर है और मजदूरी के लिए श्रीडूंगरगढ़ आ रहे थे। जिसमें से गोमदराम ने यहां के उप जिला अस्पताल के दम तोड़ दिया। दूसरे मजदूर सीताराम को गंभीर अवस्था में बीकानेर रेफर किया गया है। घायलों को आपणो गांव सेवा समिति के मदन सोनी ने एम्बुलेंस से उप जिला अस्पताल पहुंचाया। जैतासर सरपंच प्रतिनिधि सहीराम ने इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है।

**धारदार हथियार से हमला :** हनुमानगढ़ जिले के संगरिया थाना इलाके में 9 बदमाशों ने रात को घर जा रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**संख्याक-4**
**हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**(Civil Procedure Code Appendix H Form No. 4)**
**श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) बीकानेर**

प्रकरण संख्या-2023/237 निश्चित दिनांक :- 28.10.2024

ग्राम पंचायत विरुद्ध गोपालचन्द मून्धड़ा व अन्य

प्रेषित - 1...., 2. अशोक कुमार मूंधड़ा खोलायत पुत्र श्री सीतारामम निवासी गोपाल जी मन्दिर नापासर, बीकानेर, 3. राजकुमार मूंधड़ा पुत्र श्री मोतीलाल मूंधड़ा, 4. शिवशंकर मूंधड़ा पुत्र श्री मोतीलाल मूंधड़ा, 5. विजय शंकर मूंधड़ा पुत्र श्री मोतीलाल मूंधड़ा, 6. विजय लक्ष्मी पत्नी महेश कुमार भटड़, भटड मोहल्ला नोखा बीकानेर 334803, मोबाईल 9950546680, 7. महावीर प्रसाद मूंधड़ा पुत्र श्री गोकुलचन्द मूंधड़ा, 8. राधेश्याम मूंधड़ा पुत्र श्री गोकुलचन्द मूंधड़ा, 9. बृजमोहन मूंधड़ा पुत्र श्री गोकुलचन्द मूंधड़ा, 10. कैलाश कुमार मूंधड़ा पुत्र श्री गोकुलचन्द मूंधड़ा, 11. श्याम सुन्दर मूंधड़ा पुत्र श्री बंशीलाल मूंधड़ा, 12. घनश्याम मूंधड़ा पुत्र श्री बंशीलाल मूंधड़ा, 13. श्रीमती लिक्ष्मा देवी पत्नी श्री बजरंग लाल झंवर स्टेशन रोड नापासर बीकानेर 334201 मोबाइल 9352391829, 14. श्रीमती दुर्गा देवी पत्नी श्री प्रेमरतन सारडा परिवार प्रिंट 302, श्रीराम मार्किट Ring Road Surat 395002 मोबाइल 9374718137, 15. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री जुगल किशोर झंवर लक्ष्मीनाथ मंदिर गली पोस्ट नापासर जिला बीकानेर 334201 टेलीफोन नंबर 0151-2762687, 16. श्रीमती कोशल्या देवी पत्नी श्री किशनलाल मोहता बी-2-807 श्याम वाटिका पर्वत पाटिया मोडल टॉवर सूरत-395010 मोबाईल 9374036460, 17. श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार झंवर तिरुपति नगर नागौर रोड नोखा जिला बीकानेर 334803 मोबाईल 9414417071, 18. श्याम सुन्दर मूंधड़ा पुत्र श्री सत्यनारायण मूंधड़ा, 19. महादेव मूंधड़ा पुत्र श्री सत्यनारायण मूंधड़ा, 20. रामनिवास मूंधड़ा पुत्र श्री सत्यनारायण मूंधड़ा, 21. श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री घनश्याम बाहेती श्री गणेश प्रिंट F-2003/4 तिरुपति मार्किट Upper Ground Ring Road Surat-395002 मोबाईल 9830404560, 22. लक्ष्मीनारायण मूंधड़ा पुत्र श्री पूरणमल मूंधड़ा, 23. देवकिसन मूंधड़ा पुत्र श्री पूरणमल मूंधड़ा, 24. राधेश्याम मूंधड़ा पुत्र श्री पूरणमल मूंधड़ा, 25. मुरलीधर मूंधड़ा पुत्र श्री रामनारायण मूंधड़ा, 26. मनोज मूंधड़ा पुत्र श्री रामनारायण मूंधड़ा, 27. राजकुमार मूंधड़ा पुत्र श्री रामनारायण मूंधड़ा, 28.दिपक मूंधड़ा पुत्र श्री रामनारायण मूंधड़ा, 29. श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री जुगल किशोर पेड़ीवाल C/102 Blossom Residency अग्रवाल विद्या विहार के पीछे Vasu Surat-395007 मोबाईल नंबर 9374562600, 30. मैना पुत्री श्री पूरणमल मूंधड़ा, 31...., 32. रुखमा पुत्री पूरणमल मूंधड़ा

उक्त प्रकरण में प्रार्थी द्वारा इस न्यायालय में निगरानी अन्तर्गत धारा 97 राजस्थान पंचयती राज अधिनियम 1994 प्रस्तुत किया है, क्यों ना प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जावे। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप इस प्रार्थना पत्र के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 28.10.2024 को पूर्वान्ह 10.30 बजे में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज दिनांक 12.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**आदेशानुसार रीडर अतिरिक्त कलक्टर (प्र) बीकानेर**

# आचार्यश्री जिन पीयूष सागर आज उदयरामसर विहार करेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरिश्वर मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे ढड्ढा चौक से साधु, साध्वी, श्रावक-श्राविकाओं के चतुर्रिद संघ के साथ उदयरामपर पद विहार करेंगे। सोमवार को आचार्यश्री ने बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर के सांसारिक वीर पिता भीखमचंद बरड़िया निवास पहुंचे। जहां उनका श्राविकाओं ने कलश लेकर, गंवली सजाकर व श्रावकों ने देव, गुरु व धर्म के नारे लगाकर स्वागत किया।

आचार्यश्री का वीर पिता भीखम चंद बरड़िया निवास पर वरिष्ठ श्राविका संगीता देवी बरड़िया, धीरज -स्नेहलता, रौनक-सारिका, यश, नमन, पूर्वी, ओजस व सौम्या सहित बरड़िया परिवार के सदस्याओं, रिश्तेदारों ने आचार्यश्री का गुरु पूजन किया। आचार्यश्री ने भजनों के साथ मंगलपाठ सुनाया। आचार्यश्री ने धमचर्चा में सोमवार को कहा कि जीवन में संत वृति रखे। मेरा सो मेरा व तेरा सो तेरा। संसार की मानव जीवन, सभी वस्तुएं धन, वैभव , सुख सम्पत्ति व वैभव सब कुछ परमात्मा की ओर से दिए गए है। परमात्मा की ओर से प्रदत मानव शरीर को आत्म परमात्म, परोपकार, देव, गुरु व धर्म में लगाएं। मुनि सम्यक रतन सागर ने आचार्यश्री की ओर से प्रस्तुत असवति, सद्वति, संत व अंश वृति का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मानव के वृति को सही रखने से मति सही रहती है।

**अभिनंदन :** आचार्यश्री के सानिध्य में श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा व श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने राजनांद गांव के गौतम कोठारी, अम्कलकुआं महाराष्ट्र के राजू गोलछा, छत्तीसगढ़ के मोहन बडेर, अजय लोढ़ा, हरीश चोपड़ा, संघवी लूणकरण गोलछा परिवार के वीरेन्द्र गोलछा का श्रीफल,, दुप्टा आदि से अभिनंदन किया। बैतुल मध्यप्रदेश के सतीश पारख के 152 बार रक्तदान करने सहित अनेक सेवा कार्यों की अनुमोदना की गई।

- **उदयरामसर की दादाबाड़ी में दो दिवसीय दादा गुरूदेव का 197 वां मेला मंगलवार को भक्ति के साथ शुरू होगा**

श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में सकलश्री संघ के सहयोग से उदयरामसर की दादाबाड़ी में दो दिवसीय दादा गुरूदेव का 197 वां मेला मंगलवार को भक्ति के साथ शुरू होगा। श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष निर्मल धारीवाल ने बताया कि मेला स्थल पर टैंट तनवाया गया है तथा अनेक खान पान की वस्तुओं की स्टॉलें लगाई गई है। श्रावक-श्राविकाएं मंगलवार शाम व बुधवार सुबह ऊंटगाड़ों व विभिन्न वाहनों से उदयरामसर पहुंचेंगे। दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा व गुरू इकतीसा का पाठ भक्ति संगीत के साथ किया जायेगा।

**नोखा।** तेरापंथी सभा श्रावक अपने दायित्व के प्रति सजग रहे। यह विचार नोखा के महावीर चौक स्थित समारोह में साध्वी राजिमाती ने संबोधित करते हुए रखे। इस अवसर पर तेरापंथ सभा नोखा का विधिवत गठन हुए 50 वर्ष होने पर स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया। श्रावकों का संस्था के प्रति दायित्व बोध विषय पर शासन गौरव साध्वी राजीमती ने कहा श्रावक अपने कर्तव्य के दायित्व के प्रति जागरूक बने धर्म संघ एवं संघपति के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य निष्ठा से करें।

साध्वी शशि रेखा ने कई श्रावकों का उल्लेख करते हुए कर्मशील सहनशील श्रमशील बनने की प्रेरणा दी। संपूर्ण तेरापंथ समाज की ओर से मुमुक्षु मानवी के प्रति अभ्यर्थना रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई। दीक्षार्थी भाई बहन नोखा के परिवार जनों का परिचय एवं सम्मान सुनील बैद ने कराया। नोखा की विभिन्न विभूतियों व साधु साध्वियों की निरंतर सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टर कंपाउंडर की सेवा करने पर तेरापंथ सभा द्वारा सम्मान किया गया। इंदरचंद बैद ने 50 वर्ष के इतिहास में तेरापंथ सभा में महानुभाव के योगदान की चर्चा एवं तुलसी महाप्रज्ञ महाश्रमण की कृपा दृष्टि बताया। इस अवसर पर भंवरलाल बैद, कमलचंद ललवानी, सुभाष भूरा, सुभाष सेठिया, डॉ प्रेमसुख मरोठी, विजय बांठिया, मांगीलाल संचेती, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा, क्षेत्रीय प्रभारी भेरूदान सेठिया, ईश्वर चंद बैद गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# पिकअप पलटी, 20 जने घायल, 10 गंभीर

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के बीछवाल से पिकअप गाड़ी में सवार होकर रामदेवरा गए बीस जने सोमवार दोपहर सड़क हादसे में घायल हो गए। इनमें से दस को गंभीर हालत में जोधपुर रैफर किया गया है। ये लोग रामदेवरा से बीकानेर लौट रहे थे।

हादसा ओसिया के नजदीक भारतमाला सड़क पर हुई है। यहां एक पिकअप पलटने से 20 से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें से 10 को जोधपुर रेफर किया गया। जोधपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) भोपाल सिंह लखावत ने हादसे की पुष्टि की है। दोपहर 12 बजे के करीब ये हादसा हुआ। बीकानेर के रहने वाले एक ही परिवार के लोग पिकअप में सवार होकर रामदेवरा गए थे। दर्शन करके ये लोग यहां से वापस बीकानेर आ रहे थे कि रास्ते में सिरमंडी के पास हादसा हो गया। बताया जा रहा हे कि ड्राइवर को झपकी

- **बीछवाल से पिकअप में सवार होकर रामदेवरा गए बीस जने घायल हो गए**

आना बताया जा रहा है। हादसे में पिकअप सवार 20 से अधिक लोग घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीक के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद 10 जनों को जोधपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि मतोड़ा से सिरमण्डी गांव के बीच यह हादसा हुआ है। हादसे में महिला, पुरूष व बच्चे घायल हुए हैं। पिकअप में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे। ऐसे में घायलों की संख्या ज्यादा भी हो सकती है।

## घर से रूपए और गहने चोरी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के भिरानी थाना क्षेत्र के गांव सागड़ा में रात में चोरों ने घर में घुसकर बक्से का ताला और अलमारी का लॉकर तोड़ दिया। चोर घर से सोने-चांदी के गहने और रुपए चोरी कर ले गए। चोर कमरे में लगी एलसीडी भी उतारकर ले गए।

पीड़ित ने इस मामले में भिरानी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल शुभराम ने बताया कि उम्मेद सिंह (45) पुत्र रामस्वरूप निवासी सागड़ा ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार रात को 10 बजे के बाद घर में घुसे चोरों ने घर में रखे बक्से और अलमारी के लॉकर का ताला तोड़ दिया और 40 हजार रूपए, 350 ग्राम चांदी, 2 ग्राम सोने के गहने और कमरे में लगी एलसीडी चोरी कर ली।

चोर लाल मिर्ची पाउडर से भरा डिब्बा भी उठाकर ले गए, ताकि जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकें। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# इंस्टाग्राम पर रील अपलोड करने पर लिव-इन पार्टनर को पीटा

**बीकानेर,** (कासं)। इंस्टाग्राम पर रील अपलोड करने पर युवक ने लिव-इन पार्टनर की डंडे से पिटाई कर दी। इसके बाद महिला ने पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी।

घटना बीकानेर के जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र की है। मामला रात 10 बजे का है। पुलिस रात करीब 11 बजे महिला को पीबीएम हॉस्पिटल लेकर पहुंची। मामले में महिला के पार्टनर (30) को पुलिस ने हिरासत में लिया है। महिला ने एक अन्य युवक पर भी मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं युवक का आरोप है कि महिला उसे ब्लैकमेल कर रही थी। एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि महिला शादीशुदा है और दोनों 6 महीने से साथ रह रहे थे। विवाद की शुरुआत एक रील अपलोड करने को लेकर हुई थी। इसके बाद महिला के पार्टनर ने उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। पीड़ित ने बताया कि उसके पार्टनर ने उसे लोहे की रॉड से मारा है। महिला के शरीर पर कई जगह गहरी चोट और खरोंच के निशान भी हैं।

- **महिला शादीशुदा है और दोनों 6 महीने से साथ रह रहे थे तथा विवाद की शुरुआत एक रील अपलोड करने को लेकर हुई थी**
- **इसके बाद महिला के पार्टनर ने उसे लोहे की रॉड से मारा, महिला के शरीर पर कई जगह गहरी चोट और खरोंच के निशान भी हैं**

रात में पिटाई के दौरान महिला ने पुलिस को फोन कर घटना के बारे में बताया। इस पर थाना क्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और महिला को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। एक अन्य युवक के बारे में पता लगाया जा रहा है। वहीं मकान की भी तलाशी ली गई। मामले की जांच सीओ गंगाशहर शालिनी बजाज को सौंपी गई हैं। थाना अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि इस मामले में हिरासत में लिए पार्टनर से पूछताछ की जा रही है। उसने बताया कि महिला उसे काफी समय से ब्लैकमेल कर रही थी। इसी को लेकर इनके बीच विवाद चल रहा था।

महिला का कहना है कि आरोपी पार्टनर के साथ पहले भी विवाद हो चुका है। इससे पहले भी वह उसके साथ मारपीट कर चुका है। इधर पीबीएम में महिला का इलाज चल रहा है। उसके कमरे के बाहर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है और अभी किसी को मिलने नहीं दिया जा रहा है।

वहीं अनूपगढ़ जिले की रायसिंहनगर थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 4 संदिग्ध लोगों को पकड़ा है। पुलिस को जिले में संदिग्ध गतिविधियों में कुछ लोगों के शामिल होने की सूचना मिली थी। इसमें नशे के कारोबार सहित कई एक्टिविटीज में शामिल लोगों पर नजर रखी गई।

तारीख: 16/09/2024

## सार्वजनिक नोटिस

यह बड़े पैमाने पर जनता को जानकारी देने के लिए है कि हमारे मुवक्किल और उसकी सहयोगी तथा नियंत्रित कम्पनी ग्राम नापासरिया (पटवार हल्का कुंडा), तहसील- छत्तरगढ़, जिला- बीकानेर, राजस्थान के निम्नलिखित आराज़ी /खसरा नंबरों में लगभग **1246.38872** एकड़ के बराबर **504.3964** हेक्टेयर भूमि पट्टे पर लेनें का इरादा रखती हैं। यह जमीन राजस्थान में निम्नलिखित आराज़ी / खसरा नंबर में स्थित है:: नापासरिया (पटवार हल्का कुंडा)

| क्रमांक | गांव का नाम | खसरा संख्या | किसान का नाम | क्षेत्रफल हेक्टेयर में | क्षेत्रफल एकड़ में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नापासरिया | 505/38 | मुन्सब खां पुत्र कप्तान खां हिस्सा- पूर्ण | 2.529 | 6.24929 |
| 2 | नापासरिया | 38/1383 | असगर पुत्र लियाकत हिस्सा- 1/4, मुमताज पुत्र लियाकत हिस्सा- 1/4,मीठो पत्नि स्व. लियाकतखां हिस्सा- 1/4,लसगर पुत्र लियाकत हिस्सा- 1/4 | 7.587 | 18.74786 |
| 3 | नापासरिया | 38/1637 | लशकरअली पुत्र लियाकतअली हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 4 | नापासरिया | 38/995 | अब्दुल करीम पुत्र काछबे खां हिस्सा- 1/9, असगर पुत्र लियाकतखां हिस्सा- 1/36 , कुजरता पत्नि स्व. काछबा हिस्सा- 1/9,कप्तानखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, कालुखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, गुलूखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, गाजीखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9,फरीदखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, मुमताज पुत्र लियाकतखां हिस्सा- 1/36, मागीखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9,मीठो पत्नि स्व. लियाकतखां हिस्सा- 1/36, लसगर पुत्र लियाकतखां हिस्सा- 1/36 | 3.3003 | 8.15521 |
| 5 | नापासरिया | 38/1733 | रजियाबानो पत्नि कप्तानखां | 3.7935 | 9.37393 |
| 6 | नापासरिया | 38/1201 | मुरादखाँ पुत्र नेकेखाँ हिस्सा- 1/2, राजूखाँ पुत्र नेकेखाँ हिस्सा- 1/9, मुस्ताक पुत्र नेकेखाँ हिस्सा- 7/18 | 15.174 | 37.49571 |
| 7 | नापासरिया | 38/1384 | खेरूखां पुत्र बरियामखां हिस्सा- 1/5, वीणा आचार्य पत्नि मनीष आचार्य हिस्सा- 1/10, गवरा आचार्य पत्नि रवि आचार्य हिस्सा- 1/10,पल्लूखां पुत्र बरियामखां हिस्सा- 1/5,बानू पुत्री यारूखां हिस्सा- 1/25,भूरा पत्नि बरियामखां हिस्सा- 1/5 मांगी पुत्री यारूखां हिस्सा- 1/25,रहीमा पत्नि तेयबअली हिस्सा- 3/25 | 15.1740 | 37.49571 |
| 8 | नापासरिया | 38/1378 | फलकशेर पुत्र बकसेखां उर्फ बक्सा हिस्सा- 1/2 यासीनखां पुत्र बकसेखां उर्फ बक्सा हिस्सा- 1/2 | 5.0580 | 12.49857 |
| 9 | नापासरिया | 38/1370 | कमा पुत्री अली खा हिस्सा- 1/5,मंजूरा पुत्री अली खा हिस्सा- 1/5,यासीन खा पुत्र अली खा हिस्सा- 1/5,रहीमा पुत्री अली खा हिस्सा- 1/5,समा पुत्री अली खा हिस्सा- 1/5 | 5.0580 | 12.49857 |
| 10 | नापासरिया | 38/1732 | रुसतमअली पुत्र कालूखां हिस्सा- 1/2 शोकतखां पुत्र कालूखां हिस्सा- 1/2 | 3.7935 | 9.37393 |
| 11 | नापासरिया | 38/1772 | इन्द्रसिंह पुत्र हीरसिंह हिस्सा- पूर्ण | 12.645 | 31.24643 |
| 12 | नापासरिया | 38/1379 | ईलायसैन पुत्री गुलामखां हिस्सा- 1/10 ,कमा पुत्री गुलामखां हिस्सा- 1/10,खलीलखां पुत्र गुलामखां हिस्सा- 1/10,बरकतअली पुत्र गुलामखां हिस्सा- 1/10,मंजूरा पुत्री गुलामखां हिस्सा- 1/10 शरीफा पत्नि गुलामखां हिस्सा- 1/10,सदामहुसैन पुत्र गुलामखां हिस्सा- 1/10 ,हाजरा पुत्री गुलामखां हिस्सा- 1/10,हारुनखां पुत्र गुलामखां हिस्सा- 1/10,हारुना पुत्री गुलामखां हिस्सा- 1/10 | 6.3225 | 15.62321 |
| 13 | नापासरिया | 38/1752 | श्रवण कुमार एचयुएफ कर्ता श्रवण कुमार पुत्र हनुमान हिस्सा- पूर्ण | 13.4037 | 33.12121 |
| 14 | नापासरिया | 38/1176 | पुनुखां पुत्र सुमरेखां हिस्सा- पूर्ण | 8.8515 | 21.87250 |
| 15 | नापासरिया | 490/38 | असलम पुत्र माझीखाँ हिस्सा- 1/3,ताजूखाँ पुत्र लियाकतअली हिस्सा- 1/3,हारुनखाँ पुत्र माझीखाँ हिस्सा- 1/3 | 7.587 | 18.74786 |
| 16 | नापासरिया | 38/1790 | शरीफा पत्नि मांझीखां हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 17 | नापासरिया | 38/1177 | खादम पुत्र अशकर हिस्सा- पूर्ण | 3.7935 | 9.37393 |
| 18 | नापासरिया | 38/1172 | नाजू पत्नि अशकर हिस्सा- पूर्ण | 3.7935 | 9.37393 |
| 19 | नापासरिया | 38/1173 | नाती पत्नि अशकर हिस्सा- पूर्ण | 3.7935 | 9.37393 |
| 20 | नापासरिया | 38/1385 | श्रवण कुमार एचयुएफ कर्ता श्रवण कुमार पुत्र हनुमान हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 21 | नापासरिया | 38/1771 | अमीना पत्नि अब्दुललायार हिस्सा- 27/47,खातुना पत्नि सतारखां हिस्सा- 20/47 | 11.8863 | 29.37164 |
| 22 | नापासरिया | 38/1155 | अलायार पुत्र नुरा हिस्सा- 1/7,करमा पुत्री नुरा हिस्सा- 1/7,गामुखां पुत्र नुरा हिस्सा- 1/7,जनत पुत्री नुरा हिस्सा- 1/7,माहदयार पुत्र नुरा हिस्सा- 1/7,शरमा पुत्री नुरा हिस्सा- 1/7, सतारखां पुत्र नुरा हिस्सा- 1/7 | 11.3805 | 28.12178 |
| 23 | नापासरिया | 29/993 | अब्दुल करीम पुत्र काछबे खां हिस्सा- 1/9 , असगर पुत्र लियाकतखां हिस्सा- 1/36, कुजरता पत्नि स्व. काछबा हिस्सा- 1/9, कप्तानखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, कालुखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, गुलूखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, गाजीखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, फरीदखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9, मुमताज पुत्र लियाकतखां हिस्सा- 1/36, मागीखां पुत्र काछबा हिस्सा- 1/9,मीठो पत्नि स्व. लियाकतखां हिस्सा- 1/36,लसगर पुत्र लियाकतखां हिस्सा- 1/36 | 9.3067 | 22.99732 |
| 24 | नापासरिया | 29/1633 | रजियाबानो पत्नि कप्तानखां हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 25 | नापासरिया | 9 | अहमदयार पुत्र मांगेखां हिस्सा- 1/10,जगमालखां पुत्र गणेखां उर्फ गाणुखां हिस्सा- 7/48,जाकीरअली पुत्र मांगेखां हिस्सा- 1/10,ताजीमा पुत्र गणेखां उर्फ गाणुखां हिस्सा- 1/16,न्यामी पुत्र मांगेखां हिस्सा- 1/10,महबूबआली पुत्र मांगेखां हिस्सा- 1/10,रहमानखां पुत्र मांगेखां हिस्सा- 1/10 जाति- मुसलमान सा. देह खातेदार,लियाकतअली पुत्र गणेखां उर्फ गाणुखां हिस्सा- 7/48,शोकतअली पुत्र गणेखां उर्फ गाणुखां हिस्सा- 7/48 | 8.8009 | 21.74746 |
| 26 | नापासरिया | 29/1367 | अबरीम पुत्र पठाणेखां हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 27 | नापासरिया | 29/994 | स्यारा पुत्र बागेखा हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 28 | नापासरिया | 38/1147 | मुस्ताक पुत्र हसनखां हिस्सा- पूर्ण | 12.645 | 31.24643 |
| 29 | नापासरिया | 534/38 | नबाब खां पुत्र सफी खां हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 30 | नापासरिया | 535/38 | रेशमा पत्नि पप्पू खान हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 31 | नापासरिया | 38/1422 | कादीखां पुत्र अलीशेर हिस्सा- 1/4 ,जेती पत्नि अलीशेर हिस्सा- 1/4 ,जन्नत पुत्री अलीशेर हिस्सा- 1/4,पठानेखां पुत्र अलीशेर हिस्सा- 1/4 | 5.058 | 12.49857 |
| 32 | नापासरिया | 38/1142 | कंमा पुत्र यारुखां हिस्सा- पूर्ण | 15.174 | 37.49571 |
| 33 | नापासरिया | 38/1335 | शशिकांत शर्मा पुत्र केदार प्रसाद शर्मा हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 34 | नापासरिया | 38/1156 | जलूखां पुत्र फतेखां हिस्सा- 1/6 ,पुष्पा राजावत पत्नि अजीत सिंह महार हिस्सा- 2/3 ,महेन्द्रखां पुत्र फतेखां हिस्सा- 1/6 | 10.116 | 24.99714 |
| 35 | नापासरिया | 38/1157 | मोहब्बतखां पुत्र फतेखां हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 36 | नापासरिया | 38/1205 | शशिकांत शर्मा पुत्र केदार प्रसाद शर्मा हिस्सा हिस्सा- पूर्ण | 15.174 | 37.49571 |
| 37 | नापासरिया | 36 | सतारा पुत्र बागेखा हिस्सा- पूर्ण | 5.5259 | 13.65478 |
| 38 | नापासरिया | 38/1163 | कम्मू पुत्र यारुखां हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 39 | नापासरिया | 37 | कम्मू पुत्र यारुखां हिस्सा- पूर्ण | 1.4162 | 3.49950 |
| 40 | नापासरिया | 38/1171 | सतारा पुत्र बागेखा हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 41 | नापासरिया | 38/1162 | अरसद अली पुत्र मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9 ,आसिक अली पुत्र मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9,जाकिर हुसैन पुत्र मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9 ,बरकत अली पुत्र मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9 ,मक़सूद पुत्र मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9 ,मुमताज अली पुत्र मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9 ,रहीमा पुत्री मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9 , शोकत अली पुत्र मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9 ,सेमी पुत्री मोहम्मदयार हिस्सा- 1/9 | 5.058 | 12.49857 |
| 42 | नापासरिया | 38/1175 | अमीना पत्नि सेबानखां हिस्सा- ½ कनीजा पत्नि कालूखां हिस्सा- 1/2 | 5.058 | 12.49857 |
| 43 | नापासरिया | 38/1485 | कमेखां पुत्र मीरेखां हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 44 | नापासरिया | 38/1159 | स्यारा पुत्र बागेखा हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 45 | नापासरिया | 38/1140 | पीरुखां पुत्र सादूखां हिस्सा- पूर्ण | 15.174 | 37.49571 |
| 46 | नापासरिया | 38/1375 | यासीन पुत्र बक्सा हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 47 | नापासरिया | 38/1146 | मांगेखां पुत्र दीतेखां हिस्सा- पूर्ण | 7.587 | 18.74786 |
| 48 | नापासरिया | 38/1388 | समुखां पुत्र करीम खां हिस्सा- पूर्ण | 10.116 | 24.99714 |
| 49 | नापासरिया | 35 | समुखां पुत्र करीम खां हिस्सा- पूर्ण | 5.9432 | 14.68594 |
| 50 | नापासरिया | 38/1289 | मांगेखां पुत्र दीतेखां हिस्सा- पूर्ण | 8.8515 | 21.87250 |
| 51 | नापासरिया | 38/1386 | जीवणी पत्नि रमजानखां हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 52 | नापासरिया | 38/1389 | जीवणी पत्नि रमजानखां हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 53 | नापासरिया | 500/38 | अजमलखां पुत्र जीवनखां हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 54 | नापासरिया | 501/38 | खानुखां पुत्र जीवनखां हिस्सा- पूर्ण | 6.3225 | 15.62321 |
| 55 | नापासरिया | 38/488 | सादुखाँ पुत्र जीवणखाँ हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 56 | नापासरिया | 38/1202 | नाजुखाँ पुत्र जीवणखाँ हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 57 | नापासरिया | 38/1336 | शोकतअली पुत्र ईशाकखां हिस्सा- पूर्ण | 8.8515 | 21.87250 |
| 58 | नापासरिया | 41/1153 | अन्नु पुत्री जाकिर हुसैन हिस्सा- 1/60 , गुलामकादर पुत्र शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10 ,गुलामजोरा पुत्री शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10,नत्थूखां पुत्र शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10 ,नवाबखां पुत्र जाकिर हुसैन हिस्सा- 1/60 ,फती पुत्री शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10,भूरेखां पुत्र शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10,मन्जुरा पुत्री शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10 ,मन्जूरा पत्नि स्व. जाकिर हुसैन हिस्सा- 1/60,मुस्कान पुत्री जाकिर हुसैन हिस्सा- 1/60 ,माफा पुत्री जाकिर हुसैन हिस्सा- 1/60 ,यासीनखां पुत्र शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10 ,वकीला पुत्री जाकिर हुसैन हिस्सा- 1/60 ,सतन पुत्री शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10 | 10.116 | 24.99714 |
| | | | ,सुभानखां पुत्र शेरेखां उर्फ शेरुखां हिस्सा- 1/10 | | |
| 59 | नापासरिया | 41/1178 | जैतुना पत्नि सुल्तानखां हिस्सा- पूर्ण | 3.7935 | 9.37393 |
| 60 | नापासरिया | 41/1148 | अहमदखाँ पुत्र मोखमदीन हिस्सा- पूर्ण | 10.116 | 24.99714 |
| 61 | नापासरिया | 41/1149 | भंवरी पत्नि नेकेखां हिस्सा- पूर्ण | 10.116 | 24.99714 |
| 62 | नापासरिया | 489/41 | जैतेखां पुत्र नेकेखां हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 63 | नापासरिया | 41/1288 | अलीशेर पुत्र मोखमखां हिस्सा- पूर्ण | 12.645 | 31.24643 |
| 64 | नापासरिया | 41/1170 | अनवर पुत्र समसु खां हिस्सा- 1/4, जमाल खां पुत्र समसु खां हिस्सा- 1/4 , बरकत अली पुत्र समसु खां हिस्सा- 1/4, मनफूल खां पुत्र समसु खां हिस्सा- 1/4 | 12.645 | 31.24643 |
| 65 | नापासरिया | 41/1167 | जाकरखां पुत्र हामुखां हिस्सा- पूर्ण | 3.7935 | 9.37393 |
| 66 | नापासरिया | 41/1164 | कालूखां पुत्र काछबेखां हिस्सा- पूर्ण | 3.7935 | 9.37393 |
| 67 | नापासरिया | 41/1165 | जमीला पत्नि गाजीखां हिस्सा- पूर्ण | 5.058 | 12.49857 |
| 68 | नापासरिया | 39 | जमीला पत्नि गाजीखां हिस्सा- पूर्ण | 2.6175 | 6.46797 |
| 69 | नापासरिया | 506/38 | नाबालिग शकुर पुत्र लसकर अली सरंक्षक पिता लसकर अली पुत्र लियाकत अली हिस्सा- पूर्ण | 3.2498 | 8.03042 |
| 70 | नापासरिया | 38/1203 | अमीरखां पुत्र सोनेखाँ हिस्सा- 1/18,अरसादा पुत्री सुबेखां हिस्सा- 1/264,अलीशेर पुत्र सोनेखाँ हिस्सा- 1/18 ,आसक खां पुत्र सुबेखां हिस्सा- 1/264 ,खुर्शिदा पुत्री सुबेखां हिस्सा- 1/264 ,खानूखां पुत्र स्व.मुसेखां हिस्सा- 1/24 ,खाना पुत्री स्व.मुसेखां हिस्सा- 1/24 ,गाजी खान पुत्र सुबेखां हिस्सा- 1/264 ,गामूखां पुत्र स्व.मुसेखां हिस्सा- 1/24,गामा पुत्री स्व.मुसेखां हिस्सा- 1/24 ,जुबेदा पुत्री सुबेखां हिस्सा- 1/264 ,जानूखां पुत्र स्व.मुसेखां हिस्सा- 1/24 ,जीवणी पत्नि स्व. मुसेखाँ हिस्सा- 1/24 ,न्यामत पत्नि सुबेखां हिस्सा- 1/264 ,निदामा पत्नि स्व. सोनेखां हिस्सा- 1/18 ,मिठेखां पुत्र सुल्तानखां हिस्सा- 1/3 ,मीठेखां पुत्र सोनेखाँ हिस्सा- 1/18 ,रुकसाना पुत्री सुबेखां हिस्सा- 1/264, रास्त अली पुत्र सुबेखां हिस्सा- 1/264, श्यामूखां पुत्र स्व.मुसेखां हिस्सा- 1/24, श्योकतअली पुत्र सोनेखाँ हिस्सा- 1/18, सखीना पत्नि बखू खां हिस्सा- 1/264, सेमा पुत्री सुबेखां हिस्सा- 1/264, समीरखां पुत्र सोनेखाँ हिस्सा- 1/18, हाजी खां पुत्र सुबेखां हिस्सा- 1/264 | 2.529 | 6.24929 |
| 71 | नापासरिया | 507/38 | नाबालिग महमूद पुत्र लसकर अली सरंक्षक पिता लसकर अली पुत्र लियाकत अली हिस्सा- पूर्ण | 3.2371 | 7.99904 |
| 72 | नापासरिया | 508/38 | नाबालिग महबूब पुत्र लसकर अली सरंक्षक पिता लसकर अली पुत्र लियाकत अली हिस्सा- पूर्ण | 3.2498 | 8.03042 |
| Total Area | | | | 504.3964 | 1246.38872 |

उपरोक्त जमीन के वर्तमान मालिकान ने दर्शाया तथा घोषित किया है कि, उपरोक्त जमीन सभी तरह के भार, प्रभार, पट्टा आदि से मुक्त है। उपरोक्त जमीन के वर्तमान मालिकान ने यह भी घोषित किया है कि जमीन किसी भी तरह के कोई समझौता, पट्टा, समझौता ज्ञापन आदि का हिस्सा\ विषय नहीं है और कोई कानूनी बाधाओं से प्रभावित नहीं हैं एवं उपरोक्त जमीन खरीदने के लिए /लीज पर लेने के लिए कानूनी रूप से पाक साफ़ है ।
तात्पर्य यह है की उक्त जमीन के सन्दर्भ में हमारे मुवक्किल इस आधार पर उपरोक्त जमीन के गुणों का ध्यान रखते हुए इसे खरीदने के लिए/लीज पर लेने के लिए सहमति व्यक्त किया है।
कोई भी व्यक्ति, कंपनी, एजेंसी, तथा संस्था का कोई अधिकार, हक़, दावा, वाह मांग उपरोक्त ज़मीन या उसके किसी हिस्से के विरुद्ध हो जो की विरासत, बंधक, कब्जे के माध्यम से, बिक्री, विनिमय, लाइसेंस, उपहार, पट्टा, ग्रहणाधिकार, प्रभार, विश्वास, रखरखाव, वसीयत, सहजता, विकास के अधिकार, साझेदारी, संयुक्त उद्यम, हुकमनामा या किसी भी न्यायालय के आदेश, अधिग्रहण की सूचना या किसी अन्य समझौते / समझ अनुसरण, के तहत हो तो वह व्यक्ति, कंपनी, एजेंसी, तथा संस्था को इस सार्वजनिक सूचना के जारी करने के सात (07) दिनों के भीतर मूल रूप से दस्तावेजी साक्ष्य के साथ नीचे दिए गए पते पर, अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में, समान रूप से ज्ञात करने की के आवश्यकता हैं। यदि पूर्वकथित अवधि के दौरान कोई भी दावा/आपत्ति नीचे दिए गए पते पर ज्ञात सूचित करने में विफल होते हैं तोह वह दावा/आपत्ति आदि को माफ कर दिया गया/परित्यक्त, माना जाएगा ।

**प्रेमरतन छींपा, एडवोकेट**
**ऑफिस/चेम्बर श्री तंवर लॉ चैम्बर, तंवर हाऊस, एफसीआई गोदाम के पास, इन्दिरा कॉलोनी, बीकानेर मो. 9351828772, 8078660661**